F.Y.B.A
27/11/17
3to6.
pages 2

Hin I (Revised)
Sem I

Q.P. Code :22746

[समय: ३ घंटे] [कुलअंक:१००]

Please check whether you have got the right question paper.

प्र.१ निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए | २४

1) 'जरुर भोगना होगा, मुखिया जी मैं आपके समाज को कर्मनाशा से कम नहीं समझता किंतु, मैं एक - एक के पाप गिनाने लगूं तो यहाँ खड़े सारे लोगों को परिवार समेत कर्मनाशा के पेट में जाना पड़ेगा | है कोई तैयार जाने को ?"

**अथवा**

"मैंने उसे गिरा दिया और वह जैसे गिरी थी, वैसे ही पड़ी रही | गड्डा और हल्का हो गया और तेज दौड़ने लगा | पर पाँच ही मील में भेड़िये फिर वापस आ गए | बड़े मियाँ ने गहरी साँस ली , माथा पीट लिया - हम क्या करें, भीख माँग के खाना बंजारों का दीन है , हम रईस बनने चले थे ........|"

2) "प्रजा से प्रसन्नतापूर्वक धन खींच लेना, राजा का आवश्यक गुण है | उसे बिना नश्तर लगाए खून निकालना आना चाहिए | मुझमें यह गुण है, इसलिए मैं ही राजगद्दी का अधिकारी हूँ | मैंने इस एक साल में चंदे से बीस लाख स्वर्ण-मुद्राएँ कमाई जो मेरे पास हैं |"

**अथवा**

'इसी तरह देखें तो कहना पड़ेगा कि संस्कृत एक प्राणवान स्रोत के रूप में भाषा - संस्कृति आचार - विचार पर दृष्टि से अस्तित्वमान है | इसी से 'यूनान, मिस्त्र, रोम' के मिट जाने पर भी हम नहीं मिटे हैं | हमारा अस्तित्वमान है | हमारा अस्तित्व कायम है |"

प्र.२ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | ३०

1) 'नौकरीपेशा' कहानी में शहर के मध्यवर्गीय जीवन का यथार्थ चित्रण किस प्रकार किया गया है ? वर्णन कीजिए |

**अथवा**

सांप्रदायिक दंगो में मीराज के परिवार की त्रासदी को लेखिका ने किस प्रकार व्यक्त किया है? समझाइए |

2) 'नजर नसाय गई मालिक' रेखाचित्र में शंकर काम छोड़कर क्यों चला जाता है? स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

'आज के अतीत से' आत्मकथ्य के माध्यम से 'तमस' उपन्यास से जुड़े संदर्भो पर प्रकाश डालिए |



C624DB4C01F29DB656CD4E6D61C35E12

(1)

प्र.३ निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए- १५

1) सवर्णों द्वारा किए गए अत्याचार का प्रतिशोध हरिजन थावर्या ने कैसे लिया ? अपने शब्दों में लिखिए |

२) सरयू भैया की चारित्रिक विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए |

प्र.४ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए- १६

1) 'परदा' कहानी का पंजाबी खान |

**अथवा**

'टेपचू' कहानी का अब्बी |

2) नेपाल की राजनीतिक परिस्थिति |

**अथवा**

दुर्योधन एवं युधिष्ठिर का संवाद |

प्र.५ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए- १५

1) रामभरोसे के यहाँ किस ख़ुशी में भोज का आयोजन किया गया था ?
2) चौधरी पीरबख्श के मकान का किराया कितना रूपया था ?
3) बाकर किसके लिए डाची खरीदता है ?
4) गड्डे में कितनी नटनियाँ बैठी थी ?
5) भैरो पांडे के छोटे भाई का क्या नाम था ?
6) काला शुक्रवार कहानी की लेखिका कौन हैं ?
7) अब्बी की मृत्यु कैसे हुई ?
8) सरपंच और ठाकुरों के मकानों में आग लगाकर किसने अपना प्रतिशोध पूरा किया ?
9) किसकी नजर नसाय गई थी ?
10)राजा के कितने लड़के थे ?
11)दुर्योधन का असली नाम क्या था ?
12)'सरहद के उस पार' किस विधा की रचना है ?
13)'आज के अतीत से' आत्मकथ्य के लेखक कौन हैं ?
14)भाषा को बहता नीर किसने कहा है ?
15)सरयू भैया को कर्ज देते समय साहूकार ने क्या सबूत लिया ?

*************



C624DB4C01F29DB656CD4E6D61C35E12